हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

04 स्वतंत्रता दिवस से पहले में गूंजे वंदे मातरम के...



07 पुलिस सैलरी पैकेज से मिली अनुकंपा सहित 1.23 करोड़...



सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

कार्यशाला में पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में दी जानकारी

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम कचनारियां स्थित आंगबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में परामर्शदाता सुरेश पांचाल ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं एवं बालिका सुरक्षा कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया।

बालिकाओं और महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ''हर घर तिरंगा अभियान'' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सीहोर वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने तिरंगा रैली निकाली। कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण से संबंधित कानूनों के प्रति भी आमजन को जागरूक किया।

अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग के दल द्वारा आष्टा के ग्राम चुपाडिया, दुपाडिया एवं इंदौर बाईपास स्थित विजय ढाबा पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान 07 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3100 रुपये है। इसके साथ ही 04 प्रकरण दर्ज किए गए। यह कार्यवाही प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी वर्षा उईक, आबकारी मुख्य आरक्षक वैभव नागवंशी और आबकारी आरक्षक रामसखी द्वारा की गई।

19 दिन से मर्चुरी में रखा नवजात का शव, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो बोले: लेंगे कड़ा एक्शन

मां का छलका दर्द, डांटकर भगा देते थे डॉक्टर, परिजन द्वारा एसएनसीयू के डॉक्टरों पर लगाया जा रहा मनमानी का आरोप, सीएस ने भी दी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही और डॉक्टरों की कथित जिद के कारण एक नवजात बच्ची की मौत के बाद बेहद संवेदनहीन मामला सामने आया है। जिले के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी नवजात का शव पूरे 19 दिनों से अस्पताल की मर्चुरी में अंतिम संस्कार के इंतजार में रखा हुआ है।

इस गंभीर और झकझोर देने वाले मामले से मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग अब तक अनजान थे। जब इस संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य और बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो से बात की गई तो उन्होंने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है। इस मामले में आयोग द्वारा संज्ञान लिया जाएगा और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



यह है पूरा मामला

बता दें मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर ग्राम सीलखेड़ा के रहने वाले मजदूरी करने वाले शिवनारायण की पत्नी सविता ने 30 जून को एक बच्ची को जन्म दिया था। जन्म के समय वजन कम होने के कारण नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बच्ची की हालत बिगडऩे पर वे उसे किसी निजी अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन एसएनसीयू के डॉक्टर जयप्रकाश परमार की जिद और मनमानी के कारण उन्हें समय पर रेफर या डिस्चार्ज नहीं किया गया। अंततः 24 जुलाई को मासूम ने दम तोड़ दिया।

पीड़ित मां का छलका दर्द, कहा: डांटकर भगा देते थे डॉक्टर

पीड़ित मां सविता ने बिलखते हुए बताया कि जब भी वह अपनी बच्ची को देखने या दूध पिलाने अंदर जाती थीं तो डॉक्टर और स्टाफ उन्हें डांटकर भगा देते थे। उन्हें बीमारी की कोई सही जानकारी नहीं दी जाती थी। दैनिक मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले पिता शिवनारायण का कहना है कि पीएम आवास के छोटे से कमरे में रहने वाले उनके परिवार का इलाज और दवाओं में करीब 80 हजार से 1 लाख रुपये खर्च हो गया, फिर भी बच्ची नहीं बची। पीड़ित परिवार ने अब कलेक्टर बालागुरु के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना और कोतवाली थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का साफ कहना है कि जब तक दोषी डॉक्टर पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, वे शव नहीं लेंगे।

अस्पताल प्रशासन की सफाई, शव खराब होने का खतरा

मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव ने अस्पताल का पक्ष रखते हुए कहा कि नवजात का वजन काफी कम था, जिससे उसकी हालत गंभीर थी। परिजनों ने इलाज में सहयोग नहीं किया और वे 20 जुलाई को बिना बताए चले गए थे। सिविल सर्जन ने चिंता जताते हुए बताया कि मेडिकल नियमों के मुताबिक मर्चुरी में शव को अधिकतम 2 सप्ताह ही सुरक्षित रखा जा सकता है। 19 दिन बीत जाने के कारण शव के खराब होने का गंभीर खतरा बन गया है। प्रबंधन परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए समझाने की कोशिश कर रहा है।

जिले में टॉप पर पहुंचा सीहोर, 3 दिन में जितनी बारिश उतनी जून-जुलाई में नहीं हुई

महज 72 घंटे में सीहोर शहर में 11 इंच बारिश

9-10 अगस्त की रात 5 घंटे में 7 इंच, बीते 24 घंटे में अकेले शहर में 4.37 इंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तहसीलवार बारिश की स्थिति (बीते 24 घंटे)

सीहोर: 4.37 इंच
इछावर: 0.66 इंच
श्यामपुर: 0.57 इंच
रेहटी: 0.32 इंच
आष्टा: 0.19 इंच
जावर, भैंरुंदा और बुधनी में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश दर्ज नहीं की गई।

शहर में मानसून की खासी मेहरबान बनी हुई है। बारिश के शुरुआती जून-जुलाई के महीनों में आशानुरूप बारिश नहीं हो रही थी, लेकिन अब अगस्त ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया है। बुधवार को जिलेभर में झमाझम बारिश दर्ज की गई। जबकि 9-10 अगस्त की रात भी महज 5 घंटे में 7 इंच बारिश हुई थी, जिससे महज पिछले तीन दिनों के भीतर ही सीहोर शहर में करीब 11 इंच बारिश हो चुकी है, जिसके साथ ही बारिश के मामले में सीहोर शहर पूरे जिले में शीर्ष पर पहुंच गया है।

बता दें मौसम विभाग ने बीते 4 दिन पहले शहर सहित जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग ने इस दौरान बारिश की चेतावनी जारी की थी। जारी अलर्ट के अनुसार 9-10 जुलाई की रात से ही शहर में भारी बारिश का दौर जारी है। महज तीन दिन में सीहोर शहर में 11 इंच बारिश हो चुकी है। जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 0.76 इंच (19.5 मिमी) बारिश हुई। इसमें सबसे ज्यादा बारिश सीहोर शहर में 4.37 इंच दर्ज की गई।

पिछले साल की तुलना में भी कमी

1 जून से अब तक जिले में कुल औसत 26.31 इंच बारिश हो चुकी है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच होती है, जिसके मुकाबले अभी भी जिला सामान्य से 18.92 इंच बारिश पीछे चल रहा है। यदि पिछले साल से तुलना करें तो बीते वर्ष आज की तारीख तक औसत 26.52 इंच बारिश हो चुकी थी। इस लिहाज से इस बार अब तक 0.21 इंच बारिश कम दर्ज हुई है।

तहसीलवार स्थिति

जिले में 1 जून से लेकर अब तक बारिश के आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक बारिश सीहोर ब्लॉक में हुई है, जहां अब तक 32.21 इंच बारिश रिकार्ड की जा चुकी है, जबकि रेहटी 29.07 इंच, भैंरूंदा 26.22, बुधनी 25.94, आष्टा 25.78 इंच, इछावर 25.31 इंच, श्यामपुर 24.66 इंच, जावर 21.25 इंच बारिश दर्ज की गई।

आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले 24 से 48 घंटों में जिले में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। फिलहाल कुछ दिनों तक तेज बारिश की संभावना नहीं है।


वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने एनएआरएस के सहयोग से जीएनएसएस रिसीवर स्थापित कर अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान को दी नई दिशा

सीहोर। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला ने एक सहयोगात्मक पहल के तहत वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में आयनोस्फीयर और अंतरिक्ष मौसम के अवलोकन के लिए अपनी 'नॉर्थ–साउथ चेन फॉर आयनोस्फीयर एंड स्पेस वेदर ऑब्जर्वेशन' के अंतर्गत जीएनएसएस रिसीवर प्रणाली स्थापित की है। यह अत्याधुनिक सुविधा विश्वविद्यालय की अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान क्षमताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके साथ ही यह वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में अंतरिक्ष मौसम, स्वदेशी नेविगेशन प्रौद्योगिकियों और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह उन्नत जीएनएसएस रिसीवर आयनोस्फीयर से जुड़े महत्वपूर्ण मानकों की निरंतर निगरानी को सक्षम बनाएगा। इनमें टोटल इलेक्ट्रॉन कंटेंट, आयनोस्फेरिक सिंटिलेशन, सिग्नल क्षरण, लॉस ऑफ लॉक और भूमध्यरेखीय प्रक्रियाओं के साथ-साथ सौर एवं भू-चुंबकीय गतिविधियों के कारण उत्पन्न होने वाले गतिशील आयनोस्फेरिक विक्षोभ शामिल हैं। इस सुविधा से प्राप्त डेटा आयनोस्फेरिक विज्ञान, अंतरिक्ष मौसम, भूगणित तथा पोजिशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग अनुप्रयोगों से जुड़े अनुसंधान को समर्थन प्रदान करेगा। साथ ही, यह उपग्रह नेविगेशन और पृथ्वी अवलोकन के क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत करने में योगदान देगा।



वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में छूट बहाली की मांग: कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया, बहाली की अपील

सीहोर। गुरुवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में मिलने वाली छूट को बहाल करने की मांग की गई है।



कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र में कांग्रेस शासनकाल के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलती थी, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। कांग्रेसजनों ने इसे वरिष्ठ नागरिकों के साथ अन्याय बताया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के मार्गदर्शक हैं और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि उन्हें रेल किराए में मिलने वाली छूट को तत्काल बहाल किया जाना चाहिए। पंकज शर्मा ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वे केंद्र सरकार को इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को यह छूट पुनः मिल सके और उन्हें राहत प्राप्त हो।

किसानों के साथ धोखा: सीहोर में नकली कीटनाशक फैक्ट्री का पर्दाफाश

नकली कीटनाशक फैक्ट्री का भंडाफोड़, 1.25 करोड़ का माल जब्त, एसपी से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में किसानों को नकली कीण्टनाशक बेचकर उनकी फसल और मेहनत को नुकसान पहुंचाने वाले कथित नेटवर्क पर प्रशासन ने बड़ा शिकंजा कंसा है। कृषि विभाग ने पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और संबंधित कंपनियों की टीम के साथ सीहोर तथा भैरूंदा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में नामी कृषि कंपनियों के ब्रांड से तैयार किए जा रहे कथित नकली कीटनाशक, रसायन, पैकिंग सामग्री और पैकेजिंग मशीनरी बरामद हुई। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य प्रारंभिक तौर पर एक करोड़ रुपये से अधिक, करीब 1.25 करोड़ रुपये बताया गया है।

मार्केट सर्वे से खुला नकली दवाओं का नेटवर्क

पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय पंडित के अनुसार, उनकी टीम को बाजार में क्लाइंट कंपनियों के उत्पादों की नकली बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद मार्केट सर्वे कराया गया। संदिग्ध उत्पाद मिलने पर उनकी जांच कराई गई, जिसमें उत्पादों के नकली होने की पुष्टि हुई। इसके बाद इनके निर्माण



और सप्लाई से जुड़े ठिकानों की पहचान की गई।

श्रीराम कॉलोनी में छापा, ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बरामद : कृषि विभाग की टीम ने इस मामले में 13 और 14 जुलाई को सीहोर के श्रीराम कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई की। यहां भारी मात्रा में कथित नकली कीटनाशक बरामद किए गए। जिले के नसरुल्लागंज (भैरूंदा) में भी नकली कीटनाशकों के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध व्यापक छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान श्रीराम कॉलोनी, सीहोर स्थित मुकेश कुशवाहा के घर एवं गोदाम पर दबिश दी गई, जहां चार महिलाएं कथित रूप से नकली कीटनाशकों की पैकिंग का कार्य करती हुई मिलीं। वहीं नसरुल्लागंज में सुरेंद्र पंवार के निवास पर की गई कार्रवाई में भी घर की महिलाओं द्वारा नकली कीटनाशकों की पैकिंग किए जाने की जानकारी सामने आई। इनमें इंडोफिल इंडस्ट्रीज का M-45, बेयर क्रॉप साइंस लिमिटेड के Nativo और Antracol, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड का Rice Act तथा इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड का Green Label शामिल बताया गया है। साथ ही पैकिंग सामग्री और अन्य संबंधित सामान भी मिला।

दो ठिकानों पर कार्रवाई, फरार व्यक्ति की तलाश : जांच में एक अज्ञात व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है, जो कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वह तैयार नकली उत्पादों को अलग-अलग बाजारों में खपाने का काम करता था। पुलिस और संबंधित विभाग अब इस व्यक्ति की पहचान और तलाश में जुटे हैं। जांच आगे बढ़ने के साथ पूरे नेटवर्क की कड़ियां सामने आने की संभावना है।

1.25 करोड़ का माल, मशीनरी और रसायन जब्त : छापेमारी के दौरान बरामद नकली उत्पादों के अलावा कच्चे रासायनिक पदार्थ, पैकेजिंग सामग्री और पैकेजिंग मशीनरी भी जब्त की गई। संबंधित टीम के अनुसार जब्त सामग्री की अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये से अधिक है। कृषि विभाग ने समूची सामग्री को विधिवत अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एफआईआर में देरी पर एसपी कार्यालय पहुंचे टीम के अधिकारी

मामले में पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय पंडित एसपी कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संबंधित थानों में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया है। उन्होंने एसपी से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए आशंका जताई कि देरी का लाभ उठाकर आरोपी फरार हो सकते हैं या जब्त सामग्री से छेड़छाड़ का प्रयास हो सकता है।

कृषि विभाग ने कार्रवाई तेज करने का दिया संकेत

सहायक संचालक कृषि अनिल कुमार जाट के अनुसार मामला दो-तीन कंपनियों के नकली उत्पादों से जुड़ा है। संबंधित कंपनियों की ओर से पुलिस थानों में एफआईआर के लिए प्रतिवेदन दिए गए हैं। एसडीओ स्तर से आवश्यक कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। कृषि विभाग और पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच नियमानुसार की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जब्त किया 204 किलो एनालॉग पनीर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों एवं फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सीहोर के पचामा स्थित रूद्रांश डेयरी इंडस्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में अस्वच्छ तरीके से एनालॉग पनीर बनाया जा रहा था, इसके साथ ही निर्माण स्थल की फर्श उखड़ी तथा दीवार गंदी पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने फैक्ट्री में बन रहे पनीर निर्माण एवं सप्लाई को तुरंत रूकवाया और 204 किलो एनालॉग पनीर भी जब्त किया, जिसका अनुमानित मूल्य 40,800 रूपये है। इसके साथ ही एनालॉग पनीर का नमूना भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन के आदेशानुसार संपूर्ण प्रदेश में एनालॉग पनीर का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय का पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन पन्ना और दीपाली कांगे सहित खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की गई।

खबर संक्षेप

15 अगस्त तक होगी जनसुनवाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी संचालित आदि सेवा केंद्रों पर 13 से 15 अगस्त तक जनसुनवाई एवं कल्याणकारी योजना शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में जनजातीय समुदाय के नागरिकों की शिकायतों का पंजीयन एवं निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आदि कर्मयोगी स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए हितग्राही पंजीयन, शिकायतों के दस्तावेजीकरण एवं प्रकरणों के अनुरक्षण में सहयोग लिया जाएगा। जनसुनवाई के माध्यम से जनजातीय नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। जनसुनवाई के बाद की गई कार्रवाई एवं प्राप्त परिणामों का निर्धारित पोर्टल पर विवरण अपलोड किया जाएगा।

अब तक 110 जरूरतमंदों का किया अंतिम संस्कार

सीहोर। विगत कई सालों से सत्य समिति की ओर से निर्धन, बेसहारा और असहाय व्यक्ति का दाह संस्कार कराया जा रहा है। इसी कडी में शहर के मंडी निवासी 42 साल की एक निर्धन व्यक्ति का निर्धन हो गया था। जानकारी मिलते ही पूर्ण विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। अब तक करीब 110 लोगों का अंतिम संस्कार करवाया जा चुका है। मंडी निवासी का शहर के मंडी विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। समाजसेवी हरीश अग्रवाल ने बताया कि हमारी समिति सत्य के अध्यक्ष शंकर प्रजापति सहित अन्य सदस्य को जैसे ही निर्धन व्यक्ति के मृत होने की जानकारी मिलती है। हमारी संस्था और प्रेरणा महिला मंडल के सहयोग से अंतिम संस्कार किया जाता है। अंतिम संस्कार में सहयोग करने वाले डॉ. कैलाश अग्रवाल, शैलेन्द्र चंदेल, सुनील दुबे, ललित जैन, विमल जैन, डॉ. नरोलिया, श्याम सुंदर मोदी, कमलेश कटारे, नंदकिशोर राठौर आदि शामिल थे।

15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

सीहोर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में सीहोर जिले की सभी 71 कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-3 होटल बार, एफएल-3'क' रिसोर्ट बार, गोदाम एवं देशी मद्य भण्डागार बंद रहेंगे।

बस स्टैंड पहुंचने के बाद तिरंगा यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया

स्वतंत्रता दिवस से पहले में गूंजे वंदे मातरम के जयघोष, शान से निकाली तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत करीब एक किलोमीटर लंबा रहा तिरंगों का कारवां, हजारों विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, व्यापारी और नागरिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरुवार को भैरूंदा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत नगर परिषद एवं प्रशासन के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हजारों विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, व्यापारी और आम नागरिक यात्रा में शामिल हुए। करीब एक किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान पूरा नगर 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय', 'जय हिंद' और 'जय जवान, जय किसान' के नारों से गूंजता रहा। सुबह करीब 10 बजे सीहोर मार्ग स्थित बीवीएम स्कूल से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा सीहोर नाका से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर बस स्टैंड पहुंची।

विद्यार्थियों की अनुशासित कतारें, हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का पुष्पवर्षा कर विद्यार्थियों और अन्य सहभागियों का स्वागत किया।

एक किलोमीटर तक नजर आया तिरंगा यात्रा का कारवां

तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों और नागरिकों की संख्या इतनी अधिक रही कि पूरा कारवां करीब एक किलोमीटर तक फैला नजर आया। यात्रा का अगला हिस्सा करीब एक घंटे में बस स्टैंड पहुंच गया, जबकि पीछे चल रहे विद्यार्थियों और नागरिकों की कतार सीहोर नाके तक दिखाई देती रही। सड़क पर दूर तक लहराते तिरंगे और हजारों लोगों की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र बनी रही। विद्यार्थियों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। शिक्षक और अधिकारी भी उनके साथ कदमताल करते नजर आए।



विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

नगर के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएं तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विद्यार्थी कतारबद्ध होकर हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर चल रहे थे। कई स्थानों पर विद्यार्थियों ने जोशीले अंदाज में देशभक्ति के नारे लगाए। नगर के प्रमुख बाजारों से यात्रा गुजरने के दौरान लोग घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े होकर यात्रा को देखते और सहभागियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। बच्चों और शिक्षकों की सामूहिक सहभागिता ने यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी हुए शामिलः यात्रा में निगम मंडल अध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना, सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित नगर परिषद के पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार रामदास गोरले, आरती सोलंकी, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, लोक निर्माण विभाग के एडीओ एमके तिवारी, शिक्षा ब्लॉक सहायक अधिकारी साक्षी जैन, बीआरसी विजय पंवार, कृषि विस्तार अधिकारी घनश्याम मालवीय, जनपद सीईओ विनीत त्रिपाठी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के उपयंत्री विनोद कुमार दीवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी यात्रा में सहभागी बने।



राष्ट्रगान के साथ हुआ समापन

बस स्टैंड पहुंचने के बाद तिरंगा यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। राष्ट्रगान के दौरान यात्रा में शामिल सभी लोग सम्मानपूर्वक खड़े रहे। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्र की एकता-अखंडता और देश के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

युवा देश की पहचान, राष्ट्रहित में दें योगदान

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि युवा देश की पहचान हैं। युवाओं को देशभक्ति के पथ पर चलते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए। राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। युवा शिक्षा प्राप्त कर अपने ज्ञान, प्रतिभा और मेहनत से भारत की नई पहचान बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पहले निकली यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराने वाला अभियान भी बनी।

आदिवासी वीरों के योगदान को किया याद

तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों और आदिवासी समाज के वीर योद्धाओं के योगदान को याद किया। उन्होंने भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष का उल्लेख करते हुए भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा जैसे आदिवासी महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों के त्याग एवं संघर्ष का परिणाम है। नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में की सहभागिता



सीहोर। बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि सीहोर विधायक माननीय सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं जिला प्रशासन ने हरी झंडी दिखाकर टाउन हॉल सीहोर से प्रारंभ किया।

तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि जिला प्रशासन अधिकारी व कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एनसीसी केडेट हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा कोतवाली चौराहा पान चौराहा एवं मुख्य शहर से होते हुए अटल चौराहे पर समाप्त हुई समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने सहभागियों के राष्ट्रीय प्रेम एवं उत्साह कि सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्ट विद्यालय से प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय के नेतृत्व में संतोष सोनी जिला स्काउट सचिव, डॉ देवेंद्र साहू ,दिनेश मेवाड़ा एनसीसी एएनओ ,शोएब खान, कार्तिक राय, भूपेंद्र परमार पीटीआई, अभय ठाकुर एवं डॉली गुप्ता पीटीआई ने सहभागिता की। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना की 110 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री



सीहोर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती का जन्मदिन इस बार सामाजिक सरोकार और सेवा की अनूठी पहल के साथ मनाया गया। राजीव गुजराती की अपील पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं व गुलदस्तों के बजाय जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। इस पहल के तहत जन्मदिन को 'सेवा और शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया।

राजीव गुजराती ने जन्मदिन से पूर्व कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से अपील की थी कि गुलदस्ता कुछ समय बाद मुरझा जाता है, लेकिन किसी जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा में किया गया सहयोग उसके भविष्य को संवार सकता है। उनकी इस अपील का कार्यकर्ताओं ने सम्मान करते हुए बच्चों के लिए कॉपियां, किताबें, पेंसिल सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री एकत्रित की।

तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर पहुंची शिक्षण सामग्री : जिला कांग्रेस अध्यक्ष की इस पहल को एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ाया। कार्यकर्ताओं ने शहर के ग्वालटोली, लुनिया चौराहा, बालमिकी मोहल्ला, इंदिरा नगर, गंज, मुरली, तहसील चौराहा, कस्बा, सिपाहीपुरा सहित करीब 36 से अधिक चिन्हित स्थानों और बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपियां, किताबें, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर केशव सरपंच, जिला कांग्रेस कार्यालय में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेसजन, शहर के नवनिर्वाचित एवं वरिष्ठ पार्षदगण, एनएसयूआई तथा युवक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राजीव गुजराती को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस बात से अभिभूत हैं कि उनके साथियों ने उनकी मंशा का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े बच्चे के भविष्य को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी से जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षदगण, एनएसयुआई एवं युवक कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग ने की छापेमार कार्रवाई, सील

शिकायत पर कार्रवाई, दवाइयां जब्त की गई



बुधनी। नगर के माना क्षेत्र में श्री कृष्ण क्लीनिक के बाजू में संचालित गौरव मेडिकल स्टोर पर बुधवार शाम ड्रग विभाग ने छापामार कार्रवाई की। ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे की मौजूदगी में पहुंची टीम ने मेडिकल स्टोर की जांच करते हुए दवाइयां जब्त कीं और दुकान को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार मेडिकल एसोसिएशन सीहोर के अध्यक्ष ओम राय ने बताया कि गौरव मेडिकल स्टोर का लाइसेंस गौरव यादव के नाम से जारी था,जबकि दुकान का संचालन किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए जाने की जानकारी विभाग को मिली थी। बताया गया कि संबंधित व्यक्ति को पूर्व में तीन बार संचालन को लेकर हिदायत दी जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद मेडिकल स्टोर का संचालन जारी रहा इसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे टीम के साथ मेडिकल स्टोर पर पहुंचीं और जांच की कार्रवाई के दौरान दवाइयों की जांच कर कुछ दवाइयां जब्त की गईं। इसके बाद मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया साथ ही लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी की गई कार्रवाई के दौरान ड्रग विभाग की टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार किया। पूरे मामले को जांच में लेते हुए विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधनी सहित आसपास के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में कुछ मेडिकल स्टोरों का संचालन कथित तौर पर लाइसेंस धारक के बजाय अन्य लोगों द्वारा किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर होने,जबकि दुकान के संचालन और दवाओं की बिक्री का काम दूसरे लोगों द्वारा संभाले जाने की चर्चाएं हैं। ऐसे मामलों में ड्रग विभाग की निगरानी और जांच की जरूरत बताई जा रही है। फिलहाल गौरव मेडिकल स्टोर संचालक अथवा संबंधित व्यक्ति का पक्ष सामने नहीं आया है विभागीय जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी।

मुक्तिधाम में किया पौधरोपण, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद ने चलाया वृहद पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और स्वच्छ-सुंदर बुधनी के संकल्प को लेकर 12 से 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को वार्ड क्रमांक 10 स्थित मुक्तिधाम में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, किसान मालवीय,पार्षद प्रभात भादोरिया, जितेश चौहान, विनोद शिवहरे, श्रीकांत शर्मा, लेखराम यादव, शिवानी यादव एवं राहुल रिठोरिया सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रशांत जैन एवं आरएसआई जितेंद्र बघेल सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुक्तिधाम परिसर में पौधे लगाए पौधारोपण के दौरान पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया नगर परिषद की ओर से नागरिकों से अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पौधारोपण करने की अपील की गई। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का आह्वान किया गया। एक पेड़ मां के नाम प्रकृति के प्रति हमारा सम्मान' के संदेश के साथ आयोजित यह अभियान नगर में हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। नगर परिषद द्वारा 12 से 15 अगस्त तक प्रतिदिन विभिन्न निर्धारित स्थलों पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से नगर क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है।

हरियाली अमावस्या पर भजन-कीर्तन के बीच रोपे पीपल, बरगद और बेलपत्र के पौधे



भैरुंदा । हरियाली अमावस्या के अवसर पर सेवा भारती की बहनों ने शंकर विहार कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पीपल, बरगद और बेलपत्र के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसके साथ ही पौधारोपण कर धार्मिक आस्था के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। सेवा भारती की बहनों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवन का आधार और पूजनीय माना गया है। पीपल और बरगद जैसे वृक्ष पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं बेलपत्र भगवान शिव की आराधना से जुड़ा होने के कारण विशेष धार्मिक महत्व रखता है। महिलाओं ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, छाया और हरित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा भारती ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए। पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता है।

जाहिर सूचना

ग्राम मोलगा प०ह०न० 33 तहसील इछावर जिला सीहोर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा भूमि स्वामी स्व. श्री लाडसिंह आ० श्री तुलसीराम जाति बलाई निवासी सिराडी एवं कृषक मोलगा के वारिसान प्रेमबाई पत्नी श्री लाड़सिंह, राजकुमार, विनोद, दिनेश आ० श्री लाड़सिंह जाति बलाई निवासी सिराडी एवं कृषक मोलगा की भूमि सर्वे न0 197 रकबा 2.124 है0 में से उनके हिस्से की 0.425 हे० यानी 1.05 एकड भूमि स्थित ग्राम मोलगा तह० इछावर जिला सीहोर की भूमि को क्रय करने का बयाना रसीद दिया गया है इस संबंध में उक्त भूमि पर यदि किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था अथवा बैंक, शासकीय, अशासकीय, कार्यालय आदि का कोई हक हित, अधिकार, हिस्सा हो या बकाया हो, या उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का स्वत्व, हित रखने वाले आम एवं खास को किसी प्रकार की विधिसम्मत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रुप में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार गण द्वारा उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन निष्पादित करा लिया जावेगा फिर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी होगी।

भवदीय: वीरेन्द्र दुवानी, एडवोकेट
शीलासदन इछावर जि. सीहोर
म.प्र. मो- 9826797977

दिवंगत प्रधान आरक्षक के आश्रितों को पुलिस अधीक्षक ने सौंपा चेक और नियुक्ति पत्र

पुलिस सैलरी पैकेज से मिली अनुकंपा सहित 1.23 करोड़ रुपए की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस विभाग द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दिवंगत हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दायित्व प्रस्तुत करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सहायता से दिवंगत शासकीय कर्मचारी की पूरी भलेंही नहीं हो पाती लेकिन परिवारजनों आगे के जीवन के लिए एक बड़ा संबल अलबत्ता मिल जाता है। एक ऐसे ही मामले में साल 2025 में ड्यूटी के दौरान हुए सड़क हादसे में मृत प्रधान आरक्षक के परिजनों को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने पुलिस सैलरी पैकेज से एक बड़ा आर्थिक संबल पहुंचाया है। संबंधित प्रधान आरक्षक के परिजनों को 1 करोड़ 23 लाख रुपए के चेक के साथ



एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।



दिवंगतों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी द्वारा जिले में दिवंगत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश प्रदान किए हैं ताकि मृत सेवकों के आश्रित परिवारों को समय पर शासन एवं विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

पूर्व एसपी ने दिलवाया था लाभ

इसी तरह की एक बड़ी आर्थिक सहायता तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा द्वारा कोरोना काल के दौरान ड्यूटी पर मृत एक पुलिसकर्मी के परिवार को दिलवाई थी। शमिश्रा वर्तमान में उज्जैन जिले के पुलिस अधीक्षक हैं।

क्या है पूरा मामला

ब्यावरा सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील 06 नवंबर 2025 को ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान ट्रक हादसे में उनकी दुःखद मृत्यु हो गई। इस राजगढ़ पुलिस की संवेदशीलता ही कहा जाएगा जो पुलिस सैलरी पैकेज से दिवंगत श्री भील के पिता रामदयाल भील एवं पत्नी श्रीमती वर्षा भील को विभाग द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गया। इसके साथ ही दिवंगत प्रधान आरक्षक के पुत्र शरद भील को विभाग ने बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता और नियुक्ति पत्र लेते समय श्री सर्जन भील के पिता और पत्नी की आंगे नम हो उठीं। श्री तोलानी ने आगे भी किसी तरह की मदद होने पर हर संभव सहायता का आश्वासन मृतक के आश्रितों को दिया है।

बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा घुरेल धाम



सुठालिया। सावन की हरियाली अमावस्या पर बुधवार को घूरेल के पशुपतिनाथ मंदिर में भक्ति का ज्वार आ गया। सुबह से ही 7 से 50 साल तक के श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचे और हर हर महादेवष्ऋ के जयकारों के बीच शिवलिंग पर जल चढ़ाया। कई श्रद्धालु पैदल आएए कई डाक कांवड़ लेकर। उज्जैन से 'श्री बालाजी सुंदरकांड समितिए मोठबड़ली' के शिवभक्त भी डाक कांवड़ के साथ पहुंचे। पूरे दिन मंदिर प्रांगण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा।

33 साल पुरानी परंपरा

पुजारी बद्री लाल नाथ ने बताया 1993 में सुठालिया के स्वयएभंवर सिंह राठौड़ए पालीवाल साहबए नवल शर्मा ने ये यात्रा शुरू की थी। आज वो 7 नहीं हैंए पर उनका संकल्प हर साल मजबूत हो रहा है। समिति अध्यक्ष 'होकम सिंह सोंधिया' ने बताया कि कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के लिए ड्रोन से निगरानी और अनिल रहोरिया के नेतृत्व में पुलिस तैनात रही। भक्तों ने प्रार्थना की गांव में सुखशांति बनी रहे। ये यात्रा यूं ही चलती रहे।

पदाधिकारी रहे मौजूद

शिक्षकों ने भरी हुंकार, तिरंगा रैली निकालकर मांगों का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विभिन्न संघटनों से जुड़े हुए जिले के शिक्षक एवं अध्यापक अर्से से अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में शासन, प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाते आ रहे हैं लेकिन उनकी अनेकों मांगे अभी तक लंबित हैं। ऐसे में अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले इन शासकीय सेवकों ने बुधवार को मुख्यालय पर एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। इसके पूर्व सभी शिक्षकगण स्थानीय खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। इसके उपरान्त सभी हाथों में तिरंगा थामे कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुए। यहां सभी ने ज्ञापन के जरिए शासन से अपनी मांगे, समस्याएं रखीं। इस अवसर पर शासकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत, राज्य शिक्षक संघ पदाधिकारी सुरेश दांगी, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष रामबाबू भिलाला सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

ये रखी गई मांगें

इन शासकीय सेवकों की प्रमुख मांगों में नियुक्ति दिनांक से सभी को वरिष्ठता प्रदान करना, शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखने हेतु अध्यादेश लाकर आरटीई कानून में संशोधन किया जाना, पुरानी पेंशन बहाली, ई-अटेंडेंस की व्यवहारिक परेशानियों के चलते इस पर रोक लगाने सहित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति आदेश दिनांक से शीघ्र जारी करना था। इसके साथ ही अन्य मांगें भी रखी गईं। शासन से अपेक्षा की गई कि सभी मांगों का जल्द से जल्द निराकरण करवाया जाए।

हादसों से चेते आरटीओ ने ली बस मालिकों की बैठक

बारिश में सावधानियां बरतने के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते दिनों जिले में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान विभिन्न बस ऑपरेटरों, ड्राइवरों की लापरवाहियों से आमजनों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। कुछ स्थानों पर बस चालकों ने उफान भरे पुलों पर बसें उतार दी जिसके चलते बड़े हादसे होते-होते टल गए। सारंगपुर क्षेत्र में हुई हृदय विदारक घटना में तो नौ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थीं हालांकि इस वाहन का चालक देवास जिले का था। उक्त घटनाओं एवं हादसों से सबक लेते हुए जिला परिवहन कार्यालय में विभिन्न बस ऑपरेटरों एवं मालिकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशानुसार हुई इस बैठक में बस मालिकों को कठोरे रूप से निर्देशित किया गया कि बस संचालन में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाए। अगर किसी नदी, नाले के पुल पर पानी हो तो उसे किसी सूरत में पार न किया जाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस सहित अन्य सभी दस्तावेज पूर्ण रखने हेतु कहा गया। आरटीओ श्री वैश्य ने बताया कि इस तरह की बैठक सभी ब्लॉकों में आयोजित करवाई जाएगी। बैठक में बस ऑपरेटर मुबारिक खान, रामकरण, शिव सौंधिया, मांगीलाल, तनवीर खान, घनश्याम वर्मा, कालू सिंह सहित अन्य बस मालिक मौजूद थे।

तो रद्द होगा बस का परमिट

आरटीओ वैश्य ने बताया कि यदि बस ऑपरेटरों द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों की अवहेलना की तो बसों का परमिट रद्द करने के साथ ही अन्य विभागीय कार्यवाहियां की जाएंगी। उन्होंने स्कूल बस ऑपरेटरों से भी उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है।

सेवा भारती ने किया कार्यक्रम

जेल में बंदियों को पढ़ाया नैतिकता ईमानदारी का पाठ, प्रशिक्षण दिया



राजगढ़। सामाजिक, धार्मिक सहित कई तरह के मानवीय कार्यों से जुड़ी सेवा भारती संस्था द्वारा बुधवार को जेल में निरुद्ध बंदियों में नैतिकता, ईमानदारी का पाठ पढ़ाने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जेल में आहूत इस कार्यक्रम के दौरान बंदियों को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि जेल से बाहर आकर वे ईमानदारी और नेकी से भरा जीवन जी सकें। सभी बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्धेश्य से सृजनात्मक उद्धबोधन वक्ताओं द्वारा दिए गए। इस अवसर पर सेवा भारतीय के सचिन दुबे, डॉ. राकेश पांडे, मार्तण्ड सिंह सौलंकी सहित अन्य ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चाताप के आंसू हर पाप धो दिया करते हैं। आपसे जीवन में जो भी गल्तियां हुई उन्हें अब सुधारना होगा। आप यहां से बाहर निकलकर मानव हित और कल्याण से जुड़े कार्य करें। अपराधमुक्त जीवन जीकर अपने परिवार, समाज के लिए जितना अच्छा हो सकें वह सब करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी, शिक्षक लखन सिंह चैहान सहित जेल का स्टाफ मौजूद था।

हरियाली अमावस्या पर 500 पौधों का रोपण, नवांकुर सखी और तिरंगा यात्रा के साथ आयोजन किया गया

कुरावर। हरियाली अमावस्या के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तीज माता मंदिरए बड़ली में नवांकुर सखी यात्रा तिरंगा यात्रा महाआरती एवं भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करीब 500 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से नवांकुर सखी एवं तिरंगा यात्रा के साथ हुई। यात्रा तीज माता मंदिर बड़ली पहुंचीए जहां विधिवत महाआरती के बाद पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा दादा रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने की। इस दौरान खजान सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक जगदीश जागीरदारए गंगा प्रसाद चौधरीए कैलाश सगवालियाए डॉण दिनेश मंडलोईए कुरावर मंडल अध्यक्ष रवि मीणाए झाड़ला मंडल अध्यक्ष महेश संगवालिया सहित अनेक जनप्रतिनिधिए पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरियाली अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं। पौधरोपण अभियान में जीत वेलफेयर फाउंडेशन के सुरेश चंद्रवंशीए जितेंद्र चौधरीए मुरारी कलमोदियाए संदीपए भोलाए संजू कलमोदियाए रामचंद्र चौधरीए प्रवीण धनगरए नीरज वर्माए रितेश कलमोदियाए प्रेम सहित संस्था के अन्य सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समापन तीज माता की आरती के साथ हुआ। संस्था के सचिव सुरेश चंद्रवंशी ने सभी अतिथियोंए जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए ग्रामीणों एवं संस्था सदस्यों का आभार व्यक्त किया। 500 पौधों के रोपण के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के साथ जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी संदेश दिया।



क्षिप्रा मैया के जल से किया खोयरी महादेव का अभिषेक

राजगढ़। वीर खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में भोलेनाथ की नगरी उज्जैन तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया था। समिति के करीब 40 सदस्य चार दिनों की पैदल यात्रा करने के उपरान्त राजगढ़ पहुंचे तो बुधवार सुबह उनके साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मातृ-शक्तियों ने भी क्षिप्रा मैया एवं नेवज मैया के जल से खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।





इसके पूर्व सभी सनातनी महिलाएं हाथों में कलश, कांवड़ लिए भोलेनाथ के जयकारे लगाकर भजन गाते हुए साथ चल रही थीं। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली कांवड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया गया। यात्रा के खोयरी महादेव धाम पहुंचने पर सभी ने बारी-बारी से पवित्र जल से शिवजी का अभिषेक, पूजन किया। इसके उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। इस दौरान अनेकों मातृ-शक्तियों के मंदिर पहुंचने पर उनकी सुविधा एवं व्यवस्था के लिए नगर के गौसेवकों ने व्यवस्था को सुचारू बनाया। टीआई मंजू मखेनिया भी टीम के साथ पहुंची और व्यवस्थित रूप से अभिषेक पूजन संपन्न करवाया।

श्रद्धालुओं ने भी निकाली यात्रा

सावन मास में चल रही कांवड़ यात्राओं की कड़ी में बाराद्धारी मित्र मंडली द्वारा भी उज्जैन महांकाल तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान गौसेवक देवा गुर्जर, दिनेश गुंर, गोपाल गुर्जर, पवन गुर्जर, मिथुन वंशकार, गोविंद गुर्जर, पंकज भिलाला, महेंद्र राजपूत, महेश गुर्जर, अजय भिलाला, रोहित भिलाला, टिंकू वंशकार, दीपक प्रजापति, रंजीत वंशकार, दीपक मेवाड़े, ओम राजपूत, बिट्टू मेवाड़े, धमेंद्र तंवर, हुकुम गुर्जर, भोला वाल्मीकि, रितिक जोशी, मोहित जोशी, भागवत सौधिया सहित अन्य शिवभक्त यात्रा में सहभागी बने।

शिव की भव्य बारात निकली, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे



कुरावर। राधा माधव महिला मंडल परिवार कुरावर द्वारा आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा के चौथे दिन भगवान शिव की महिमा और उनके विभिन्न स्वरूपों का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित श्री प्रमोद नागर ने शिवलिंगों के विभिन्न स्वरूपों एवं उनकी महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन मधुर भजनों के साथ किया गया। इस दौरान भगवान शिव को निराले दूल्हे के रूप में सजाया गया तथा माता पार्वती के साथ उनके विवाह का प्रसंग रीति.रिवाजों के साथ कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। भगवान शिव की बारात निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिमय वातावरण में भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

एबीवीपी के चक्काजाम के बाद प्रशासन ने मानी मांगें

कन्या शाला स्कूल के पास से शराब ठेका हटाने सहित पीएम श्री के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ;एबीवीपीद्ध ने बुधवार को नगर के संडावता में जोरदार प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विद्यालयों के आसपास विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगों में पीएम श्री स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाना तथा कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को हटाना शामिल रहा। परिषद पदाधिकारियों का कहना था कि स्कूल के नजदीक शराब का ठेका होने से विद्यार्थियोंए विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। वहीं मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण स्कूल आने.जाने वाले विद्यार्थियों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध जताया। सूचना मिलने पर एसडीएम रोहित बम्होरे मौके पर पहुंचे और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की समस्याओं को सुना और मांगों के निराकरण को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया।

प्रशासन ने कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को



हटाने की कार्रवाई के लिए एक माह का समय मांगा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि निर्धारित अवधि में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीएम श्री स्कूल के सामने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर भी जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रांत मंत्री उमा बैरागीए नगर अध्यक्ष दिलीप प्रजापतिए नगर मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर मामला शांत हुआ।

स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी

परोलिया गांव के बीच से गुजरता नाला बना आफत, पुलिया की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम पंचायत परोलिया में गांव के बीच से गुजरने वाला एक नाला ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह नाला गांव के बीचोंबीच से निकला है। इसी रास्ते से होकर खेत.खलिहानों तक जाना पड़ता है। साथ ही दो शासकीय स्कूलों . प्राथमिकए माध्यमिक और हाई स्कूल के बच्चों को भी रोजाना इसी नाले को पार करके स्कूल पहुंचना पड़ता है। ऐसे में कभी भी कोई अनहोनी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

तेज बारिश में ठप होता है आवागमन

थोड़ी सी भी बारिश होने पर नाले में पानी भर जाता है और तेज बहाव शुरू हो जाता है। इससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। जो यह मार्ग सिर्फ परोलिया के लिए ही नहींए बल्कि 'गौशालाए पीपल्दाए गागोरनी रोडए चैनपुरियाए रानीपुरा और लक्ष्मणपुरा' को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता भी है। इन गांवों के लोग भी इसी रास्ते से आते.जाते हैं। ऐसे में परेशानी का सामना करना पड़ता है।



पुलिया और सड़क निर्माण की मांग

जानकारी के मुताबिक यह रास्ता प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत हो चुका है। ग्रामीण कमल सिंह परोलिया सहित समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन से नाले पर पुलिया और सड़क निर्माण की मांग की हैए ताकि बच्चों और आमजन को परेशानी न हो।

नपा कर्मचारियों को नदी में जलकुंभी डालने से रोका, ट्रॉलियों से बाहर शिफ्ट कराया

पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया पर जलकुंभी जमी, विधायक ने श्रमदान कर खुद हटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारी बारिश के बाद शिवना नदी का जलस्तर बढ़ने से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया पर बड़ी मात्रा में जलकुंभी जमा हो गई थी। गुरुवार को जलस्तर कम होने के बाद यह स्थिति सामने आई। नगर पालिका के कर्मचारी जलकुंभी हटाने पहुंचे, लेकिन उसे नदी के एक हिस्से से निकालकर दूसरे हिस्से में डाला जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक विपिन जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जलकुंभी को



नदी से पूरी तरह बाहर निकालने के निर्देश दिए।

नदी में वापस जलकुंभी डालने से रोका: विधायक विपिन जैन ने नगर पालिका कर्मचारियों को जलकुंभी पुनः नदी में डालने से रोकते हुए कहा कि इसे नदी से बाहर निकालकर अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि यह दोबारा नदी के प्रवाह में बाधा न बने और आगे जाकर किसी स्थान पर जमा होकर समस्या उत्पन्न न करे।

विधायक स्वयं नदी में उतरे : निर्देश देने के बाद विधायक विपिन जैन स्वयं नदी में उतरे और श्रमदानियों के साथ जलकुंभी निकालने के कार्य में जुट गए। नदी से निकाली गई जलकुंभी को छोटी पुलिया के पास एकत्रित किया गया तथा बाद में ट्रॉलियों के माध्यम से अन्य स्थान पर पहुंचाया गया।

दो घंटे में निकली 20 ट्रॉली जलकुंभी: विधायक विपिन जैन एवं शिवना योद्धाओं ने लगभग दो घंटे तक श्रमदान किया। इस दौरान करीब 16 से 20 ट्रॉली जलकुंभी नदी से बाहर निकाली गई। जलकुंभी हटने से नदी का प्रवाह क्षेत्र भी साफ हुआ है। सफाई अभियान अभी जारी है।

सावन में बढ़ जाता है महत्व: सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए आते हैं तथा शिवना नदी में स्नान भी करते हैं। ऐसे में मंदिर क्षेत्र के आसपास जमा जलकुंभी को हटाना आवश्यक माना जा रहा है। विधायक विपिन जैन ने बताया कि पिछले लगभग 15 महीनों से शिवना नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए नियमित श्रमदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नदी क्षेत्र को जलकुंभी मुक्त किया गया था, लेकिन बारिश के दौरान ऊपरी क्षेत्रों से बहकर पुनः बड़ी मात्रा में जलकुंभी यहां पहुंच गई। हर रविवार चलता है शिवना शुद्धिकरण अभियान

विधायक विपिन जैन द्वारा प्रत्येक रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया जाता है। इस दौरान वे स्वयं श्रमदानियों के साथ नदी में उतरकर कचरा, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं। बाद में इन्हें ट्रॉलियों के माध्यम से नदी से दूर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। विधायक का कहना है कि शिवना नदी की स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ नागरिकों और श्रमदानियों के सहयोग से नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

खबर संक्षेप

खाचरोद में निकली तिरंगा रैली



खाचरोद। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सामान्य जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल नौगांव में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम के नागरिकों द्वारा तिरंगा रैली निकल गई। जो शासकीय स्कूल से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई स्कूल पहुंची। जहां पर संस्था प्रभारी कृपाल सिंह ठाकुर द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

16 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा


सीहोर। सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट ने बताया कि महामंडलेश्वर रामभूषण महाराज के मार्गदर्शन में 16 अगस्त को शिव पालकी कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में शिवभक्त इस धार्मिक यात्रा में शामिल होंगे।

वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की जयंती पर निकला चल समारोह

पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौरः रायसिंह मेवाड़ा

चल समारोह की शुरुआत गायत्री मंदिर से हुई। खंडेलवाल चौराहा पर चल समारोह का पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रभक्ति, अदम्य शौर्य, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती के अवसर पर क्षत्रीय राठौर समाज द्वारा नगर में चल समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह की शुरुआत स्थानीय गायत्री मंदिर से हुई। इसके पश्चात चल समारोह ढोल-धमाकों, आतिशबाजी और जयकारों की गूंज के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ खंडेलवाल चौराहा पहुंचा। चल समारोह में सुसज्जित रथ पर विराजित वीर दुर्गादास राठौर के चित्रात्मक स्वरूप के दर्शन कर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी समाजजनों को बधाई दी।

खंडेलवाल चौराहे पर हुआ स्वागत

चल समारोह का खंडेलवाल चौराहा पर नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में चल समारोह पर पुष्प वर्षा कर समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर राठौर, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, उपाध्यक्ष हेमंत राठौर, कोषाध्यक्ष हेमंत राठौर (हरिओम), पार्षद तेजसिंह राठौर, महामंत्री जुगलकिशोर राठौर, दीपक राठौर, प्रदीप राठौर, राजू राठौर सहित वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों का साफा बांधकर व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौर केवल राठौर समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और मानव समाज के स्वाभिमान, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी मातृभूमि और संस्कृति की रक्षा के लिए जो त्याग और समर्पण दिखाया, वह अमर है। उनकी देशभक्ति और रणनीतिक चातुर्य से आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षदगण रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, तारा कटारिया, अरशद अली, आनंद गोस्वामी, मनीष धारवां, पवन वर्मा, चेतन छाजेड़, दिलीप वशिष्ट, आकाश सुराना, रोहित तौमर, अनिमेश सोनी, अंकुश सोनी, मोहित प्रजापति आदि मौजूद थे।

बाइक चोरी कर पार्ट्स बेचने की फिराक में थे आरोपी

पार्ट्स सहित 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा में 18 जुलाई को फरियादी गुलाब माहेश्वरी निवासी सुभाष नगर द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई की भोपाल रोड दरगाह के सामने शराब दुकान के पास से उसकी होंडा शाइन मोटर साइकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। प्रधान आरक्षक लखन धाकड़ व आरक्षक प्रवीण को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रोहित सूर्यवंशी निवासी मालीखेड़ी व उसका साथी दीपक दोनों द्वारा शराब दुकान से एक मोटर साइकिल चोरी की थी, जिसके पार्ट्स बेचने के प्रयास कर रहे हैं। मुखबिर सूचना पर संदेही रोहित सूर्यवंशी को मालीखेड़ी थाना पार्वती से हिरासत में लेकर मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर 10 जुलाई को मोटर साइकिल को चोरी करना स्वीकार किया व उक्त चोरी मोटर साइकिल के समस्त पार्ट्स खोलकर बेचने का प्रयास करना बताया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके बताये स्थान मालीपुरा बड़ली में मोटर साइकिल को खोलकर छुपाये गए सभी पार्ट्स बरामद कर जब्त किए गए हैं।

स्कूल के बच्चों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



तिरंगा हमारी पहचान है हमारी आन-बान और शान है। यह हमे याद दिलाता है कि इसको गगनचुंबी बनाने में कितने लोगों के बलिदान शामिल हैं। यह आजादी हमें इतनी आसानी से नहीं मिली है। वर्तमान युवा पीढ़ी को इस आजादी का महत्व समझना होगा। हमने आजाद भारत में ही जन्म लिया इसलिये शायद आजादी की वास्तविक कीमत हम भूलते जा रहे है। वर्तमान पीढ़ी को यही याद दिलाते हुये कि देशहित सर्वोपरि है और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं इस प्रकार के आयोजन किये जाते हैं। आज की तिरंगा यात्रा इसी संकल्प का एक हिस्सा है।

उक्त उद्गार तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर नें व्यक्त किए। तिरंगा रैली में नगर पालिका परिषद् प्रतिनिधी राय सिंह मेवाड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ. मीना सिंगी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, थाना पार्वती प्रभारी हरिसिंह परमार सकल समाज संयोजक नरेन्द्र कुशवाह, बी.आर.सी.सी. अजब सिंह राजपूत, बी.ई.ओ निलेश सक्सेना, उमेश शर्मा, बसंत पाठक, आनन्द रांका, सौरभ रूणवाल, पल्लव प्रगति, घनश्याम जांगड़ा, तोसिफ उद्दीन, मनोहर लाल श्रीवास्तव, कन्हैयालाल गेहलोत, डॉ. राजेश भाटी मोन्टू कोरी, शाशीकांत शर्मा, मनोहरलाल वर्मा, मनोहर बैरागी पत्रकार बंधु सुशील संचेती, नरेन्द्र गंगवाल, दिनेश शर्मा, जहुर मंसुरी, संजय जोशी, धनंजय जाट, नवीन शर्मा, शैलेष शर्मा, फैजउद्दीन सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़े उत्साह के साथ सम्मिलित हुये। मार्टिनेट विद्यालय के संचालक नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, उप प्राचार्या श्रीमती शिखा तिवारी प्रबंधक मण्डल से रेखा शर्मा, अतुल जैन सुराणा, कुशल भूतिया, राखी यादव, रचना ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकायें भी इस रैली में शामिल हुए। रैली के समापन पर उपस्थित अतिथियों का आभार अतुल जैन सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया।

युवा संगठन ने राजा मालवीय की प्रथम पुण्यतिथि पर पार्वती गोशाला में गो सेवा कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय संस्था आष्टा युवा संगठन द्वारा संगठन के सदस्य स्वर्गीय राजा मालवीय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मां पार्वती धाम गोशाला में गोसेवा करते हुए गोमाताओं को पशु आहार एवं हरा घास खिलाया गया। संगठन के अध्यक्ष आनंद गोस्वामी ने गोसेवा के बाद स्वर्गीय राजा मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उपस्थित सदस्यों ने स्वर्गीय राजा मालवीय के सामाजिक योगदान एवं उनकी स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए इस अवसर पर मां पार्वती गोशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, विपिन सिंघी, संजय सुराना, राहुल मालवीय, प्रकाश कुशवाह, नाना मालवीय, रोहित मालवीय, अतुल मालवीय, सूरज बागवान, कुलदीप मालवीय,मुन्ना रितेश सांगते ,खुशीलाल कुशवाह अंबाराम मालवीय, नीरज मालवीय, गोलू श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, अभिषेक सिंघम, संजू रैकवार, रोहित कुशवाहा, सरवन जाट, वासु मालवीया, अशोक कट्टी, रोहित खरे, चंदन, सोनू गोस्वामी, रामेश्वर राठौड़, देवेंद्र मेवाड़ा एवं संजय भाई घेघट सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही आष्टा युवा संगठन के सदस्यों द्वारा इंद्रा कॉलोनी में भी स्वर्गीय राजा मालवीय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

गायत्री परिवार ने सांदीपनि विद्यालय में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि आष्टा में अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार द्वारा वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत मेगा पौधरोपण का आयोजन हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 108 फलदार व औषधीय पौधे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, समाजसेवी पारसमल सिंघवी, भाजपा नेता विशाल चैरसिया, नगर पालिका एल्डर मैन चंदा बोहरा, नगीन चन्द्र जैन, पार्षद तेज सिंह राठौर, डॉ. जगदीशचन्द्र सोलंकी, सौरभ जैन शीतल, सुशील संचेती, राजीव गुप्ता, रामेश्वर खंडेलवाल, शैलेन्द्र वर्मा, सोनानिया जी, सज्जन सिंह वर्मा, नरेन्द्र कुशवाह अध्यक्ष सकल हिन्दु समाज, प्रतिभा नागर, सुषमा वर्मा, श्रीमती सोनी, प्रकाश मूंदड़ा, अंत्येश धारवां, राजकुमार अकेला एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए। प्राचार्य ने आश्वस्त किया कि समस्त रोपित पौधों का संरक्षण कर सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को हराभरा बनाया जाएंगा।

विधायक इंजीनियर ने कहा कि अगर हम वास्तव में इस पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं और अच्छा जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं इन्हें नियमित पानी देकर इनकी रक्षा करें। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड को लेने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। उदाहरण के लिए पेड़ों से घिरे क्षेत्र, गांव और जंगल शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कम प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्र हैं।

दूसरी ओर शहरी आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में खराब प्रदूषण और कम पेड़ों की संख्या के कारण खराब गुणवत्ता की वायु है। पूर्व नपा अध्यक्ष एवं प्रभु प्रेमी संघ संयोजक कैलाश परमार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा हमेशा आप केवल वृक्ष लगाकर इतिश्री न करें, उस वृक्ष का संरक्षण कर सदैव उसकी देखभाल करें। वृक्ष के अभाव में जीवन असंभव है। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिका, नगर के समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिकगण एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय जैन शिक्षक एवं सतीश वर्मा शिक्षक द्वारा किया गया।

महाविद्यालय में हरियाली महोत्सव व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हरियाली महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक बलवंत सिंह बगाना द्वारा परिसर में पीपल के पांच पौधों का रोपण किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए 50 पौधे दान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल द्वारा बगाना के इस सराहनीय व पर्यावरण हितैषी कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। एनएसएस प्रभारी लखन सिंह अटेरिया ने भी महाविद्यालय परिवार की ओर से बगाना का आभार व्यक्त किया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में रंगोली, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, स्वयंसेवक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

सीहोर। सीहोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ध्वजारोहण करेंगी। इसके बाद वे समारोह में आयोजित परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को अभिव्यक्त किया जाएगा।

विधायक व अध्यक्ष ने की ध्वज लहराने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शहरवासी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। यात्रा संदीपनी स्कूल से शुरू हुई और मुगली रोड, भोपाल नाका, बस स्टैंड, पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग तथा बुधवारा रोड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया।

यात्रा में बच्चों के हाथों में तिरंगा था, जबकि युवा और नागरिक राष्ट्रगान व देशभक्ति गीतों की धुन पर कदमताल कर रहे थे। बारिश की फुहारों के बीच लहराते तिरंगों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले ही राष्ट्र प्रेम का माहौल बना दिया। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने नागरिकों से 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत अपने घरों और दुकानों पर गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और देशभक्ति व्यक्त करने का अवसर है।

नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है और इसे हाथों में लेकर चलने से प्रत्येक नागरिक को गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी और सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को नमन किया। इस तिरंगा रैली में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल थे।

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ मंदिर में मुनियों ने दिए आशीष वचन

स्वयं के भीतर परिवर्तन किए बिना आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर स्थित आचार्य विद्यासागर धर्म सभागार में अपने आशीष वचनों में अभिषेक की आध्यात्मिक महत्ता को समझाते हुए कहा कि लौकिक जीवन में अनेक प्रकार के अभिषेक होते हैं, लेकिन इन सभी के पीछे एक गहरा आध्यात्मिक संदेश निहित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल बाहरी अभिषेक तक सीमित न रहें, बल्कि अपने जीवन और आत्मा को भी पवित्र बनाने का प्रयास करें। मुनि सागर महाराज ने कहा कि लौकिक परंपरा में अनेक प्रकार के अभिषेक बताए गए हैं। मंत्र गर्भाभिषेक के संस्कार होते हैं।

तीर्थंकर के जीव का जब जन्म होता है, तब देवगण पांडुकशिला पर उनका जन्माभिषेक करते हैं। इसी प्रकार राज्य परंपरा को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से चलाने के लिए राज्याभिषेक की परंपरा रही है। राज्याभिषेक का अधिकारी मानव ही होता है। उन्होंने कहा कि पट्टाभिषेक, मस्तकाभिषेक, पद्माभिषेक अर्थात चरणाभिषेक, दीक्षा अभिषेक और जिन अभिषेक आदि भी अपनी-अपनी विशेषता रखते हैं। जिन बिंब का विधिपूर्वक प्रक्षालन किया जाता है, उसे जिनाभिषेक कहा जाता है। जलाभिषेक और नित्य अभिषेक की भी अपनी धार्मिक महत्ता है, जबकि विशेष पर्वों एवं अवसरों पर निमित्त अभिषेक किया जाता है। पंचामृत अभिषेक की भी धार्मिक परंपरा है। मस्तक से लेकर चरणों तक किए जाने वाले अभिषेक का भी अपना विशेष विधान और भाव है। मुनि सागर महाराज ने अभिषेक के बाहरी स्वरूप से आगे बढ़ते हुए कहा कि जिसका जो कार्य है, वही उसे शोभा देता है। हमें सबसे पहले दूसरों के घर में झांकने के बजाय अपने घर को देखना चाहिए। स्वयं के भीतर परिवर्तन किए बिना आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। जैसे कहा गया है कि स्वयं मरे बिना स्वर्ग नहीं मिलता, उसी प्रकार अपने अहंकार, स्वार्थ, क्रोध और विकारों का त्याग किए बिना आत्मिक शांति प्राप्त नहीं हो सकती। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि धर्म को केवल मंदिर, पूजा और अभिषेक तक सीमित न रखें। धर्म हमारे व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। हमारी वाणी मधुर हो, व्यवहार सरल हो, विचार निर्मल हों और दूसरों के प्रति करुणा एवं मैत्री का भाव हो, तभी धार्मिक संस्कार सार्थक होंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दोषों को देखने और उन्हें दूर करने का संकल्प ले ले, तो परिवार में प्रेम, समाज में सौहार्द और जीवन में शांति स्थापित हो सकती है। दूसरों की कमियां गिनने के बजाय अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। यही सच्चा अभिषेक है, यही आत्मशुद्धि का मार्ग है और यही धर्म की सार्थकता है। अंत में मुनि सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को विवेकपूर्वक जीवन जीने, आगम का अध्ययन करने, जिनवाणी का श्रवण करने तथा अपने आचरण को धर्ममय बनाने की प्रेरणा दी।